हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 23 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

14 राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक विजेताओं ने की एसपी से मुलाकात



14 रात के तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड, आज से मौसम में बदलाव की संभावना



## खबर संक्षेप

### हादसों के आरोपी तीन चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी तीन चालकों को गिरफ्तार किया है। रामपुरा थाना पुलिस ने गत वर्ष 31 अक्टूबर को हुए हादसे के आरोपी राजस्थान के उबारका निवासी अब्बास को गिरफ्तार किया है। बावल थाना पुलिस ने 25 दिसंबर को हुए हादसे के बाद दर्ज मामले में नैचाना निवासी बलवंत को गिरफ्तार किया है। कासेली पुलिस ने 1 दिसंबर को हुए हादसे के आरोपी चालक लूखी निवासी नवीन को गिरफ्तार किया है। उसकी बुलेट बाइक को कब्जे में लिया गया है। दो आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया, जबकि एक को रिमांड पर लिया गया है।

### राजस्थान रोडवेज चालक बस सहित काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने राजस्थान रोडवेज के एक बस चालक को गिरफ्तार किया है। बीते 16 जनवरी को बस स्टैंड से कुछ दूरी पर राजस्थान रोडवेज की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक बस सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के कोटपुतली निवासी मामराज सैनी को गिरफ्तार किया है। बस भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। वहीं एक अन्य मामले में खोल थाना पुलिस ने सीहा निवासी चालक संजीत को हुंडई कार सहित गिरफ्तार किया है।

### मारपीट व धमकी के मामलों में तीन लोग गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर रामपुरा थाना पुलिस ने कुतुबपुर के सैनी मोहल्ला निवासी मोनू को गिरफ्तार किया है। उस पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर धारूहेड़ा थाना पुलिस ने 19 जनवरी को दर्ज किए गए मामले में गंगायचा अहीर निवासी जितेंद्र और संजीव को गिरफ्तार किया है। दोनों पर मारपीट करने और धमकी देने के आरोप हैं।

*पिछली योजना में बीसी वर्ग की महिला के लिए रिजर्व था प्रधान का पद*

# शहर की चौधर एक बार फिर महिला के हाथ
# चेयरमैन का पद एससी महिला के लिए आरक्षित


**चुनाव की तैयारियों में जुटे सामान्य वर्ग के दावेदारों को झटका**

धारूहेड़ा का दंगल जहां सभी के लिए खुला रहेगा, वहीं रेवाड़ी के दंगल में एससी की महिलाएं ही भाग्य आजमा सकेंगी

हेमंत शर्मा ▸▸| रेवाड़ी

आने वाले नगर परिषद चुनावों में शहर की चौधर एक बार फिर महिला के हाथों में होगी। निवर्तमान चेयरमैन भी महिला ही है। ड्रा में इस बार चेयरमैन का पद एससी महिला के नाम आरक्षित हुआ है, जिससे चौधर का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे सामान्य वर्ग के लोगों को झटका लगा है। शहर की सरकार चलाने के लिए पुरुषों को अभी तक दो बार ही मौका मिला है। वीरवार को हुए पंचकूला में ड्रा के तहत धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन का पद सामान्य रखा गया है। रेवाड़ी नगर परिषद के चेयरमैन का पद हरिजन जाति की महिला के लिए आरक्षित हुआ है। ड्रा को लेकर चेयरमैन का चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को बेसब्री से इंतजार था। इन लोगों की उम्मीदों को ड्रा के साथ ही झटका लग गया है।

धारूहेड़ा का दंगल जहां सभी के लिए खुला रहेगा, वहीं रेवाड़ी के दंगल में एससी की महिलाएं ही भाग्य आजमा सकेंगी। नगर परिषद के पिछले कार्यकाल में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह समर्थक पूनम यादव को भाजपा की टिकट पर चेयरमैन बनने का मौका मिला था। ड्रा की घोषणा के साथ ही अब एससी की महिला नेत्रियां टिकट के लिए जल्द राव दरबार में हाजिरी लगाना शुरू कर सकती हैं। टिकट वितरण के मामले में भाजपा में जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली की भूमिका भी इस बार कम नहीं होगी।



रेवाड़ी। इंकमबेंसी बोर्ड पर अंकित अब तक के नगर परिषद प्रधानों के नाम।



रेवाड़ी। भाड़ावास गेट के पास स्थित नगर परिषद कार्यालय।

### इस बार टिकट का प्रयास करेंगे कंवर सिंह

*धारूहेड़ा नगर पालिका चुनावों कंवर सिंह यादव एक बार फिर मैदान में उतरने को तैयार हैं। कंवर सिंह यादव ने पिछला चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था। भाजपा ने मानसिंह को प्रत्याशी बनाया था, जो तीसरे नंबर पर रहे थे। संदीप बोहरा ने दूसरा स्थान हासिल किया था। चेयरमैन बनने के बाद कंवर सिंह का झुकाव केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर रहा है, जिस कारण वह इस बार भाजपा की टिकट हासिल करने का प्रयास करेंगे।*

### सात में से पांच बार महिलाओं का कब्जा

नगर परिषद के अब तक बने चेयरमैन में सात बार में से पांच बार महिलाओं का ही रहा है। वर्ष 1995 में सरोज भारद्वाज नगर परिषद की चेयरमैन चुनी गई थीं। वर्ष 2000 में सामान्य सीट पर हरीश अरोड़ा व वर्ष 2005 में विजय राव को चेयरमैन बनने का मौका मिला था। अन्य योजनाओं में नगर परिषद की कमान महिलाओं के हाथों में ही रही है। धारूहेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पद को ड्रा के बाद ओपन रखा गया है, जिसमें कोई भी अपना भाग्य आजमा सकता है।

### चुनाव को लेकर जल्द बढ़ेंगी सरगर्मियां

ड्रॉ होने के साथ ही निकाय चुनावों की सरगर्मियां भी जल्द बढ़नी शुरू हो जाएंगी। हालांकि अभी तक चुनावों की तारीख घोषित होना शेष है, परंतु टिकट के लिए जोड़-तोड़ अभी शुरू हो जाएगा। भाजपा और कांग्रेस में टिकट के दावेदार ज्यादा देखने को मिलेंगे, जो अपने-अपने राजनीतिक आकाओं की मदद से टिकट हासिल करने का पूरा प्रयास करेंगे। अगले दो-तीन दिनों में टिकट के दावेदार खुलकर सामने आने शुरू जाएंगे।

## सैंट्रो कार जलकर राख बाल-बाल बचा चालक



**रेवाड़ी।** किशनगढ़ रेलवे फाटक के पास वीरवार सुबह एक सैंट्रो कार में आग लग गई। चालक आग लगते ही कार से बाहर निकल गया, जिससे उसकी जान बच गई। पुलिस ने कार में आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी। सुबह करीब सवा 10 बजे एक सैंट्रो कार ने रेलवे फाटक क्रॉस की, तो कुछ दूरी पर चलने के बाद ही कार से धुआं निकलना शुरू हो गया। चालक ने कार को वहीं रोक दिया। इसके बाद चालक बाहर आ गया। आसपास के लोग आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गए। पुलिस व फायर ब्रिगेड को भी आगजनी की सूचना दी गई। गाड़ी में सीएनजी किट लग हुई थी। फायर ब्रिगेड पहुंचने से पहले ही आग जलकर खाक हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि गाड़ी में शार्ट सर्किट होने के कारण सीएनजी ने आग पकड़ ली, जिससे कार जलकर राख हो गई। सदर थाना पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच गई।

## कार और ट्रैक्टर की टक्कर से हादसों में दो की मौत

**खोल।** बुधवार की रात खोल थाना एरिया में हुए दो सड़क हादसों में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद वाहन चालकों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। माजरा में निर्माणाधीन एम्स में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाला मंदोला निवासी लगभग 34 वर्षीय हरकेश रात को ड्यूटी खत्म करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। जब वह खोल सीएचसी के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही ऑल्टो कार ने बाइक को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने उसे तुरंत खोल सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कार चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। खोल थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। एक अन्य हादसे में महेंद्रगगढ़ के भुंगारका निवासी लगभग 30 वर्षीय हर्ष बाइक लेकर रात को अपने घर लौट रहा था। माजरा गांव के पास ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हर्ष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मां की मौत के बाद सदमे में था युवक मालगाड़ी के आगे कूदकर दी जान

*चार दिन पहले हुआ था युवक की मां का निधन*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

मुरलीपुर के एक युवक ने मां की मौत के बाद चार दिन बाद ही नांगल पठानी रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी। मां की मौत से चार दिन पहले उसकी भतीजी की मौत भी हो गई थी, जिससे युवक मानसिक रूप से परेशान हो गया था। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी 23 वर्षीय अतर सिंह गत बुधवार को अचानक घर से लापता हो गया था। उसकी मां की मौत गत 17 जनवरी को हो गई थी। इससे पूर्व 13 जनवरी को बीमार चल रही भतीजी ने भी दम तोड़ दिया था। बताया जा रहा है कि अतर सिंह भतीजी के बाद मां की मौत से काफी परेशान चल रहा था। उसके घर से लापता होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी। दूसरी ओर जीआरपी चरखी दादरी को सूचना मिली थी कि नांगल पठानी के पास एक युवक ने मालगाड़ी के आगे कूदकर जान दे दी है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू किए। बाद में मृतक की पहचान अतर सिंह के रूप में हो गई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

### मां-बेटा ही बचे थे परिवार में

*मृतक के चचेरे भाई मनोज कुमार के अनुसार अतर सिंह के पिता की कई साल पहले ही मौत हो गई थी। वह अविवाहित था तथा अपनी मां के साथ रहता था। मेहनत मजदूरी करते हुए वह अपना और मां का गुजारा कर रहा था। मां और भतीजी की मौत के बाद वह काफी परेशान था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया।*



रेवाड़ी। शोभायात्रा में सती राम दरबार की झांकी व उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## श्रद्धालुओं ने निकाली श्री राम दरबार की शोभायात्रा

**रेवाड़ी।** अयोध्या में रामलला की स्थापना को दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वीरवार को कुतुबपुर स्थित गोसाई मंदिर से मुख्य बाजार तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम, सीता व लक्ष्मण की झांकी शामिल रही। श्रद्धालुओं की ओर से बाजार में शोभायात्रा का स्वागत किया गया तथा प्रसाद भी बांटा गया। यात्रा में पंडित किशन चंद, प्रमोद, मुकेश, शिवम, शशांक, संजय भार्गव, साहिल, रिंकू, अनीता, शिवानी, सभ्या, बॉबी, सरस्वती, विजय, नरेंद्र, मोनी व मधु सहित अनेक श्रृद्धालु शामिल थे।

## रेलवे स्टेशन पर अचेत मिले वृद्ध की पीजीआई में मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

रेलवे स्टेशन परिसर में अचेतावस्था में मिले करीब 65 वर्षीय वृद्ध की ईलाज के दौरान पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। जीआरपी एएसआई उर्मिला ने बताया कि सोमवार को स्टेशन परिसर में टिकट घर के पास एक वृद्ध की अचानक तबियत खराब हो गई, जिसे किसी राहगीर ने ट्रामा सेंटर में ईलाज के पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद वृद्ध को रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया गया। जीआरपी को ट्रामा सेंटर से सूचना मिली। वृद्ध की रोहतक पीजीआई में ईलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर शिनाख्त के लिए रोहतक पीजीआई के शवगृह में रखवाया गया है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर कार्यक्रम आज

**रेवाड़ी।** आजाद हिंद फौज स्वतंत्रता सेनानी परिवार संगठन की ओर से 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती का पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाएगी। संगठन के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सुबह 9 बजे बड़ा तालाब स्थित सुभाष पार्क में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दड़ौली आश्रम से स्वामी सर्म्पणानंद महाराज शिरकत करेंगे।

## बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन 28 से

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी-बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09005 बान्द्रा टर्मिनस-भिवानी सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 28 जनवरी, 4 फरवरी, 11 फरवरी व 25 फरवरी को बान्द्रा टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार को सुबह 11 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर 6:55 बजे आगमन व 7:05 बजे प्रस्थान कर वीरवार को दोपहर 1 बजे भिवानी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09006 भिवानी-बान्द्रा टर्मिनस सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 29 जनवरी, 5 फरवरी, 12 फरवरी, 19 फरवरी व 26 को भिवानी से प्रत्येक वीरवार को दोपहर 2:35 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर रात्रि 7:40 बजे आगमन व 7:50 बजे प्रस्थान कर शुक्रवार को शाम 4:10 बजे बान्द्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बोरीवली, पालघर, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तोडगढ, भीलवाडा, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, जयपुर, दौसा, अलवर, रेवाड़ी, कोसली व चरखी दादरी स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 सैकेंड एसी, 5 थर्ड एसी, 13 द्वितीय शयनयान, 2 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 23 डिब्बे होंगे।

RKC
RAO KHEMCHAND VIDYA VIHAR
GROUP OF EDUCATIONAL INSTITUTIONS
VILLAGE :- BOHATWAS AHIR, (REWARI) HARYANA-123101
BIG CAMPUS 18 ACRES Sound & Pollution Free Environment
शिक्षा के क्षेत्र में सबसे अच्छा संस्थान
जहां बच्चों के सपने साकार होते है।
RKC THEME संस्कार, शिष्टाचार, शिक्षा और खेल
ADMISSION OPEN 2026-27
SCHOOL+COACHING
NUR. to 12th (ALL STREAMS)


शिक्षाविद् स्व. श्री परमाल सिंह

SCHOLARSHIP-CUM-ADMISSION TEST
25 जनवरी 2026
11:00 AM to 12:30 PM

आरकेसी परिवार की ओर से बसंत पंचमी एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

Register your name at rkcschool.com
and 8168213295, 9971658489
(Your Present Class 2nd to 10th)
Transport: Buses will run on 25 Jan. 2026.
For Bus Timing, Plz see rkcschool.com

Syllabus : Total 50 Questions (Each Question : 1 Mark) based on your present class 2nd to 10th. (Maths: 10, Reasoning : 10, EVS/Science: 10, S.S/G.K: 10, Hindi Grammar: 05, English Grammar: 05
For 11th Class :- Physics :- 15 Chemistry :-15, Maths/Bio :- 15 Marks & English :- 5 Marks)

Milestone Achievements (2022 to 2025)
NEET - 26 Students Selected
IIT Advance - 18 Students Selected
NDA - 35 Students Qualified
Military - 07 Students Selected
Sainik - 95 Students Selected
RIMC - 01 Student Selected
Rai Sports - 22 Students Selected
Navodaya School - 28 Students Selected

For Registration
SCAN ME

Contact No. 9971658489, 9996703471, 9896389157, 9416819945
Transport Incharge : 9466086067, 7027939429



हर देश का अपना एक राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज होता है। साथ में राष्ट्रगीत और कुछ राष्ट्रीय प्रतीक भी होते हैं। इसके साथ राष्ट्रीय पशु-पक्षी और फूल भी होते हैं। इन सबके बारे में नंदन को उसकी दीदी, मां-पिता और टीचर ने विस्तार से जानकारी दी। इनके बारे में जानकर नंदन को अपने देश पर बड़ा गर्व महसूस हुआ। बच्चो, तुम भी जानो इन सबके बारे में।

# देश की शान-पहचान हमारे राष्ट्रीय प्रतीक



ज्ञान वार्ता
विमला भंडारी

नंदन को स्कूल से पुस्तकें मिली थीं। वह बिस्तर पर लेटा हुआ उन्हें उलट-पुलट कर देख रहा था। पुस्तक के अंतिम पृष्ठ पर लिखी पंक्तियां वह गुनगुनाने लगा, 'जन-गण-मन अधिनायक जय हे भारत भाग्य विधाता...।'

**राष्ट्रगान का करो सम्मान:** नंदन के कमरे के सामने से गुजरती दीदी ने जब अपने छोटे भाई को लेटे-लेटे राष्ट्रगान गाते सुना तो उन्होंने टोका, 'नंदन, यह क्या? राष्ट्रगान को इस तरह लेटकर नहीं गाया जाता।' 'क्यों



दीदी?' नंदन ने उठकर बैठते हुए उत्सुकतापूर्वक दीदी से पूछा। 'अरे, तुम्हें इतना भी नहीं पता! राष्ट्रगान को हमेशा सावधान की मुद्रा में खड़े होकर खुले आसमान के नीचे राष्ट्रध्वज के सामने गाया जाता है।' दीदी ने बताया। 'अगर लेटकर, बैठकर या चलते हुए गाएं तो दीदी?' नंदन ने आगे पूछा। 'नहीं, इससे हमारे राष्ट्रगान का अपमान होता है। राष्ट्रगान का सम्मान करना हमारे देश प्रेम की भावना को प्रकट करता है। अब कभी-भी कहीं भी चलते या बैठे हुए तुम्हारे कानों में यदि राष्ट्रगान की धुन भी सुनाई पड़ जाए, तो तुरंत वहीं ठहरकर सावधान की मुद्रा में खड़े हो जाना। फिर गान की समाप्ति पर श्रद्धा से शीश झुका देना, यह तुम्हारा मातृभूमि को किया गया नमन होगा।' दीदी ने नयन को समझाया।



'ओह दीदी! अनजाने में कितनी बड़ी गलती कर बैठा मैं।' नयन ने अपने माथे पर हाथ रखते हुए कहा। 'अच्छा नंदन, अब मैं चलती हूं। आज शाम को मैं तुम्हें राष्ट्रीय चिन्हों से संबंधित बातें बताऊंगी। अभी मुझे अपने स्कूल जाना है। तुम तो देर से निकलोगे, क्योंकि तुम्हारा स्कूल तो पास में ही है।' दीदी ने अपना बैग समेटते हुए कहा और नंदन को 'बाय' करके अपने स्कूल चली गईं।

**जानो अपने राष्ट्रीय चिन्ह:** दीदी की बातें सुनकर नंदन की उत्सुकता बढ़ गई थी। वह दौड़ा-दौड़ा मां के पास आकर बोला, 'मां-मां, मुझे राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में बताओ न!'

'अभी बताती हूं, पहले मेरे पर्स से एक नोट लेकर आओ।' मां बोलीं। नंदन ने मां को एक नोट लाकर दिया। मां बताने लगीं, 'यह देखो नंदन, हमारा राष्ट्रीय चिन्ह जो कि वाराणसी के पास सारनाथ में सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए 'सिंह स्तंभ' से लिया गया है। और ये देखो, नीचे की इस चौरस पट्टी के बीच एक चक्र बना हुआ है, जिसके दाईं ओर सांड और बाईं ओर घोड़े का चित्र बना हुआ है। बीच में देखो, 'सत्यमेव जयते' लिखा हुआ है, जो हमारे राष्ट्र का आदर्श वाक्य भी है। 'सत्यमेव जयते' का अर्थ है-सत्य की हमेशा विजय होती है। यही चक्र तुम तिरंगे झंडे में भी देखते हो...।' मां ने बताया।


**तीन रंगों वाला हमारा राष्ट्रीय ध्वज:** बात जब तिरंगे झंडे की आई तो नंदन झट से बोला, 'हां मां, झंडे के तीनों रंग मुझे मालूम हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा।'

'हां, राष्ट्रीय ध्वज की सफेद पट्टी पर नीले रंग का यह चक्र बना हुआ है। जिसे अशोक चक्र कहते हैं। यह हमारी प्रगति का सूचक है। तिरंगे के सभी रंग अपने अंदर संदेश समाहित किए हुए हैं।' तभी पापा ने उसे अपने पास बुलाया, 'इधर आओ नंदन, मैं तुम्हें बताता हूं।' पापा ने नंदन को अपने बगल में बैठाया और बोले, 'झंडे के ऊपर का केसरिया रंग हमारी वीरता का प्रतीक है। यह रंग हमें संदेश देता है कि हम हमारे वीरों



की भांति अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें। सफेद रंग शांति का प्रतीक है, जो विश्व में शांति का संदेश देता है। हरा रंग हमारी समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।' नंदन ने अपने पापा की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनीं। उसके स्कूल जाने का समय हो चुका था, तैयार होकर वह स्कूल के लिए निकल पड़ा।

**राष्ट्रगान और राष्ट्रीय गीत के रचयिता:** नंदन स्कूल आया तो वहां प्रार्थना के बाद राष्ट्रगान गाया गया। अपनी क्लास में पहुंचकर नंदन सभी बच्चों को राष्ट्रीय चिन्ह और ध्वज के बारे में बताने लगा। इतने में क्लास टीचर ने प्रवेश किया। उन्होंने अंदर आते समय नंदन की कुछ बातें सुन ली थीं। सभी बच्चों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। 'अच्छा बच्चो, क्या तुम बता सकते हो कि हमारे राष्ट्रगान के रचयिता कौन थे?' क्लास टीचर के इस प्रश्न पर पूरी कक्षा मौन हो गई। टीचर ने बताया, 'रवींद्रनाथ टैगोर, राष्ट्रगान के रचयिता थे। उन्होंने यह गीत 1912 में लिखा तथा इसे राष्ट्रगान के रूप में 24 जनवरी 1950 को स्वीकार किया गया। इसी तरह बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित गीत 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता मिली है।'



अपने राष्ट्र के महत्व की इतनी सारी रोचक और महत्वपूर्ण जानकारी पाकर नंदन, बहुत खुश और गौरवान्वित महसूस कर रहा था। *

## राष्ट्रीय पक्षी, पशु और फूल

घर आने के बाद नंदन दीदी के स्कूल से लौटने का इंतजार करने लगा। वह सोच रहा था कि आज मालूम पड़ी सारी नई जानकारियां बताकर दीदी को चौंका देगा। लेकिन हुआ इसका उल्टा। जब दीदी ने उससे राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु और राष्ट्रीय फूल के बारे में पूछा तो वह नहीं बता पाया। अभी इनके बारे में तो जानना बाकी ही था! दीदी ने नंदन को बड़े प्यार से बताया कि अपना राष्ट्रीय पक्षी मोर, राष्ट्रीय पशु बाघ और राष्ट्रीय फूल कमल है।





कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## धम्मक-धम्मक-धम



आई है छब्बीस जनवरी,
खुशियों का आलम।
लहर रहा हर ओर तिरंगा,
फहर रहा परचम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
संविधान की रक्षा की,
खाते हैं आज कसम।
'जन-गण-मन' के साथ गा रहे,
'वंदे मातरम्' हम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।
देश हमारा दिन-दिन विकसित,
करें सभी परिश्रम।
शांति-अहिंसा वाला मौसम,
बना रहे हरदम।
धम्मक-धम्मक-धम।
धम्मक-धम्मक-धम।

कविता / राजेंद्र श्रीवास्तव

## गाओ वंदे मातरम्



गाओ वंदे मातरम्
गाओ वंदे मातरम्।
राष्ट्रगीत के बोल निराले।
मन में ओज जगाने वाले।
मनभावन लय स्वर सरगम।
गाओ वंदे मातरम्।
जननी जन्मभूमि की जय हो।
जग में यश अनंत अक्षय हो।
सुखदाई शुभ सुंदरम्।
गाओ वंदे मातरम्।
आओ मिलकर कदम बढ़ाएं।
भारत माता का यश गाएं।
ध्वज निर्भय फहराएं हम।
गाओ वंदे मातरम्।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## देशभक्ति बाल कविताएं



बच्चो, हाल में छपकर आई 'हम हैं सैनिक भारत के' किताब में 101 देशभक्ति की भावना से भरी हुई कविताएं संकलित हैं। इसके रचनाकार डॉ. वेद मित्र शुक्ल हैं। इस किताब में ज्यादातर कविताएं, भारत के वीर सैनिकों, स्वाधीनता सेनानियों और भारतीय सेना के अदम्य साहस पर लिखी गई हैं। पहले खंड में तुम उन परमवीर चक्र विजेता सैनिकों के बारे में कविताएं पढ़ सकते हो, जिन्होंने अलग-अलग युद्धों में अदम्य वीरता का परिचय दिया। इनके अलावा वीर सेनानी महापुरुष, भारत की सेनाएं, राष्ट्रीय पर्व, प्रयाण गीत समेत कुछ अन्य खंडों में भी ओज से भरी अनेक देशभक्ति की कविताएं पढ़ सकते हो। बच्चो, इस किताब में संकलित देशप्रेम में रंगी इन प्यारी-प्यारी कविताओं को पढ़कर निश्चित ही तुम्हारे मन में देशभक्ति की भावना का संचार होगा। तुम भी अपने देश के विकास और उसकी सुरक्षा में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित होगे। *

**किताब:** हम हैं सैनिक भारत के (बाल कविताएं), **लेखक:** डॉ. वेद मित्र शुक्ल, **मूल्य:** 395 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा प्रकाशन, नई दिल्ली

## बूझो तो जानें




1
वर्ष के प्रथम माह में आती,
धूमधाम से मनाई जाती,
लागू हुआ इस दिन संविधान,
बढ़ाया हमारा मान-सम्मान।

2
तिरंगे की जो शोभा बढ़ाए,
गतिशीलता का प्रतीक बन जाए,
चौबीस तीलियां जिसमें समाएं,
बताओ बच्चो, वह क्या कहलाए।

3
एक रंग है साहस का,
दूजा शांति का कहलाता,
तीजा रंग है उर्वरता का,
देश की शान है माना जाता।

-नलिन खोईवाल

उत्तर : 1. 26 जनवरी, 2. अशोक चक्र, 3. तिरंगे के तीन रंग- केसरिया, सफेद और हरा

## जीके क्विज-189



1. इस साल गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि कौन होंगे?
2. इस वर्ष कौन-सा गणतंत्र दिवस मनाया जा रहा है?
3. आज भारत के किस महान स्वाधीनता सेनानी की जयंती है?
4. भारतीय सेना दिवस कब मनाया जाता है?
5. हाल ही में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व किस राज्य में मनाया गया?
6. भारत का संविधान किस वर्ष लागू हुआ था?
7. भारतीय संविधान की ड्राफ्टिंग कमिटी के अध्यक्ष कौन थे?
8. भारतीय संविधान में कितने मूल अधिकार शामिल हैं?
9. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
10. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' किसने लिखा था?



बच्चो, जीके क्विज-189 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-188 का उत्तर :** 1.उत्तर प्रदेश, 2.सोजर्ड मारिजने, 3.जस्टिस सूर्यकांत, 4.दिल्ली, 5.अल्बर्ट आइंस्टाईन, 6.अमेजन वर्षा वन, 7.महाराष्ट्र, 8.जम्मू कश्मीर, 9.सहारा, 10.जवाहरलाल नेहरू

**जीके क्विज-188 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, शुभम-दुर्ग, गुंजा-रायपुर, सचिन-बिलासपुर, हर्ष-रोहतक, रचित-बिलासपुर, काव्या-बेमेतरा, सूरज-रायगढ़, किंशुक-महासमुंद, प्राची-बालोद



कहानी
डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर बार बड़े उत्साह से वसंत पंचमी का उत्सव मनाने वाले सोहम का इस बार मन सही नहीं था। असल में उसके पास पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं थी। दोस्तों को जब यह बात पता चली तो उन्होंने सोहम को पीले रंग की छटा से ऐसा सजाया कि वह वसंत राजा बन गया। वासंती रंग में रंगी दोस्तों की एक प्यारी-सी कहानी।

# वसंत राजा




हर साल वसंत पंचमी उत्सव में सबसे आगे रहने वाला सोहम इस बार शांत था। कॉलोनी के पार्क में बच्चे वसंत उत्सव की तैयारी में लगे थे। वे रंग-बिरंगे रिबन, पीले फूलों की झालरें लगा रहे थे, लेकिन सोहम के भीतर कोई उमंग-उत्साह नहीं दिख रहा था। यह देखकर आयुष ने पूछा, 'अरे सोहम, वसंत पंचमी का त्योहार है और तुम ऐसे उदास क्यों हो?'

सोहम नजरें झुकाते हुए बोला, 'ऐसा कुछ नहीं है, बस यूं ही शांत हूं।'

सारा तुरंत बोली, 'ऐसा कुछ नहीं क्या..? तुम तो वसंत पंचमी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हो। याद है, पिछले साल तुमने सबसे बड़ी रंग-बिरंगी पूंछ वाली पतंग उड़ाई थी।' सोहम धीरे से बोला, 'इस बार मन नहीं है।' लेकिन ऐसा क्यों, उसने दोस्तों को इसकी वजह नहीं बताई।

कुछ देर बाद दोपहर में सजे पार्क में सब बच्चे नई पीली ड्रेस पहनकर चहक रहे थे। कियारा दोस्तों के बीच उछलते हुए आई और बोली, 'मुझे देखो, मेरी मम्मी ने मेरे लिए सरसों के फूल जैसी कितनी प्यारी-सी फ्रॉक बनाई है।'

अनंत हंसते हुए बोला, 'और मेरा कुर्ता भी देखो, मैं चलता हूं तो लगता है हवा लहरा रही है।' सब बच्चे खुश तो थे, लेकिन अपने बीच सोहम के ना होने की कमी उन्हें अखर रही थी। आयुष से ना रहा गया, बोला, 'कुछ गड़बड़ है। हमें पता लगाना चाहिए, सोहम आज वसंत उत्सव में आखिर क्यों नहीं शामिल हुआ?'

सारा भी बोली, 'हां, सोहम के बिना वसंत पंचमी का उत्सव फीका लग रहा है।'

कियारा बोली, 'चलो, उसके घर चलते हैं। जानते हैं कि वह वसंत उत्सव में क्यों नहीं आया?' तीनों सोहम के घर पहुंचे। सोहम दोस्तों को देखकर चौंका, 'अरे, तुम लोग यहां!' आयुष ने आगे बढ़कर सोहम के कंधे पर हाथ रखा और प्यार से पूछा, 'सच-सच बताओ दोस्त, तुम वसंत उत्सव कार्यक्रम में क्यों नहीं आए?'

सोहम थोड़ा रुका, फिर धीमी आवाज में बोला, 'मेरे पास वसंत उत्सव में पहनने के लिए पीली ड्रेस नहीं है। इस महीने घर में बहुत ज्यादा खर्चा था, इस वजह से मम्मी-पापा ड्रेस खरीद नहीं पाए। पुरानी ड्रेस तो छोटी हो गई है। सब लोगों ने तो इतनी सुंदर-सुंदर पीली ड्रेस पहन रखी हैं। मैं अकेला पुरानी ड्रेस में बुरा लगूंगा, इसलिए नहीं आया।' सारा ने अपनी आंखें गोल-गोल घुमाईं और बोली, 'बस इतना सा कारण। अरे! तो हम लोग किसलिए हैं?'

अनंत मुस्कुराया, 'मिशन पीला सोहम शुरू!' सबसे पहले आयुष घर जाकर अपने पापा की पुरानी पीली टी-शर्ट लेकर आया। उसने पूछा, 'ये कैसी है?'

सोहम ने टी-शर्ट देखते ही कहा, 'अरे! यह तो मेरे घुटनों तक आएगी!'

सब हंसने लगे। तभी कियारा भी अपने घर भागी और अपने भाई की पीली जैकेट लेकर आई। सोहम को देकर बोली, 'यह पहन लो।' सोहम ने जैकेट पहनी। जैकेट की चेन बीच में फंस गई। सोहम बोला, 'इसके अंदर तो मेरी सांसें बंद हो जाएंगी।'

अनंत बोला, 'रुको, मेरे पास आइडिया है।' यह कहते हुए वह बहुत तेजी से अपने घर की ओर भागा और पीले रिबन, पीला चार्ट पेपर, ग्लिटर और स्टार स्टिकर्स लेकर लौटा। सारा उछल पड़ी, 'वाह! अब हम स्वयं बनाएंगे वसंत राजा सोहम की वसंत पंचमी ड्रेस। सबसे यूनिक ड्रेस होगी यह।'

कॉलोनी के पार्क की बेंच पर बैठकर बच्चों ने ड्रेस डिजाइनिंग शुरू की।

अनंत ने पीले-पीले रिबन काट-काटकर उसके कंधों पर लगाए। कियारा ने उसके सीने पर एक सूरजमुखी के शेप का ब्रोच भी लगा दिया।

सारा ने ग्लिटर से लिखा-वसंत राजा। सोहम ने जब अपनी नई ग्लिटरी थोड़ी टेढ़ी और चमकदार ड्रेस पहनी तो वह आश्चर्यचकित रह गया, बोला, 'सच में क्या मैं वसंत राजा लग रहा हूं?'

आयुष बोला, 'अरे, तुम राजा क्या चलती-फिरती वसंत की बहार हो!'

सब खिलखिला कर हंस पड़े।

वसंत पंचमी कार्यक्रम शुरू हुआ। मंच पर ड्रेस शो के लिए बच्चों को बुलाया जाने लगा। एनाउंसर ने एनाउंस किया, 'और अब आ रहा है हमारा वसंत का राजा!'

स्पॉटलाइट जैसे ही सोहम पर पड़ी लोग उछल पड़े। कार्यक्रम स्थल तालियों से गूंज उठा। एक अंकल बोले, 'इतनी क्रिएटिव ड्रेस डिजाइनिंग किसने की है?'

आयुष, सारा, अनंत और कियारा एक साथ बोले, 'हमने!' फिर सोहम ने माइक पर आकर बताया, 'मेरे दोस्तों ने मुझे अहसास कराया कि त्योहार पर दोस्त साथ हों तो कभी कोई फीका नहीं पड़ सकता। खुशियों से खिल उठता है।'

इसी बीच जजेस ने ऐलान किया, 'वसंत पंचमी की बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार सोहम को मिलेगा।'

पूरा कार्यक्रम स्थल एक बार फिर तालियों से गूंज उठा। बच्चे भी खुशी से नाच उठे। *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## लो, वसंत की ऋतु आई है!

लगे परी-सी धरती रानी,
देख इसे होती हैरानी।
निखर उठी है अजब छटा से
आज अनोखी प्रकृति सुहानी।
पेड़ झूमते हैं मस्ती में,
डाली-डाली बौराई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।
फूलों से लद गए बगीचे,
भौंरे फिरते आंखें मींचे।
यों लगता है जैसे अंबर,
भू पर भर-भर खुशी उलीचे।
शहद सरीखे इस मौसम का
रंग-ढंग सब सुखदाई है।
लो, वसंत की ऋतु आई है।
नाच रही गेहूं की बाली,
झूम रही सरसों मतवाली।
देख नजारा पौध चने के
हंस-हंस बजा रहे हैं ताली।
कोयलिया का गीत, हवा की
सरगम सबके मन भाई है।
लो वसंत की ऋतु आई है।

## रंग भरो-194

**रंग भरो-194** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




रशिका, जांजगीर



समृद्धि, शहडोल



धरा, रायपुर



पयोधि, अंबिकापुर



ओविया, बिलासपुर



प्रमाण, बालोद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

भूमि-अटेली मंडी, अमोल-बेमेतरा, आशना-जांजगीर, चेतन-दुर्ग, दिशांत-महेंद्रगढ़, कल्पित-बालोद, कुहू-बिलासपुर, रेयांश-बिलासपुर, खुशी-भिवानी, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सोहम-रोहतक, हर्षिता-कोरबा

## रंग भरो 195



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे रिपब्लिक-डे के अवसर पर हमारे नेशनल फ्लैग को सैल्यूट कर रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

**खबर संक्षेप**

### सरपंच पर हमला करने के चार आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी पर हमला करने के मामले में खोल थाना पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविंद्र हाथी के बयान पर भालखी निवासी 9 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने एसपी से मुलाकात की थी। इस मामले में पुलिस ने भालखी निवासी लालचंद, सुरेंद्र, हर्ष और सुमित को गिरफ्तार किया है। कब्जे से लोहे की रॉड व डंडे बरामद किए गए हैं। चारों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तारी के बाद जेल भेजा

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी के मामले में गिरफ्तार किए गए एक आरोपी को कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। पुलिस ने मॉडल टाउन में चोरी के बाद 4 जुलाई 2023 को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस को राजस्थान के रहमान की ढाणी निम्बाहेड़ी निवासी हासम की तलाश थी। वह लगभग तीन साल से पुलिस को चकमा दे रहा था। पुलिस ने आरोपी हासम को गिरफ्तार कर लिया।

### सागरपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 25 को

**मंडी अटेली।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सागरपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर 25 जनवरी को लगाया जा रहा है। जानकारी देते ब्लाक पंचायत समिति मेंबर प्रतिनिधि अनिल ने बताया कि सागरपुर में बाबा हरनाम गिरी मंदिर में सुबह नौ बजे स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा।

## मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# बीआर ज्ञानदीप, हैप्पी स्कूल व डीएवी स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव सुरजनवास स्थित बीआर ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर पीले वस्त्रों, पुष्प-सज्जा और वसंत की मनोहारी छटा से सराबोर दिखाई दिया। ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना, भक्ति गीत, कविता-पाठ, सांस्कृतिक नृत्य, वाद्य-यंत्र प्रस्तुति, चित्रकला एवं पोस्टर मेकिंग, सुंदर लेखन (कैलिग्राफी) तथा भाषण प्रतियोगिता जैसी अनेक रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रामवीर यादव ने की। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व हमें ज्ञान, अनुशासन और सृजनशीलता के मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। चेयरमैन रूपराम यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था बढ़ती है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र दिए गए।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पी स्कूल में मनाया बसंत पंचमी का पर्व

*महेंद्रगढ़। हैप्पी स्कूल में बसंत पंचमी पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय बसंती रंगों, संगीत और नृत्य की मनमोहक छटा से सराबोर दिखाई दिया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।*



*कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य डॉ. जेएस कुंतल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ। मंच संचालन का कार्य कुलदीप शर्मा के निर्देशन में शिवानी, मोनू और आर्यन ने किया। कक्षा छठी के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य आयो रे शुभ दिन आयो ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं कक्षा दूसरी, तीसरी, पांचवीं और सातवीं की छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा आठवीं के छात्रों द्वारा महाभारत के द्रोपदी वस्त्रहरण प्रसंग पर आधारित भावपूर्ण नृत्य-नाटिका कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही, यूकेजी के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने रंग दे बसंती गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने ओ देश मेरे गीत पर भावनात्मक नृत्य की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल एवं मैनेजर चंचल अग्रवाल ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी।*

### डीएवी स्कूल में मनाया बसंत पंचमी पर्व

**नारनौल।** डीएवी स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और भजन, कविता, भाषण, पहेलियों व श्लोकों के माध्यम से बसंत ऋतु के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों की सभी गतिविधियां ज्ञान, भारतीय संस्कृति व रचनात्मकता पर आधारित थी। पंचमी का अर्थ है पांचवीं तिथि। हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पांचवीं तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। बसंत पंचमी पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में संगीत, कला और विद्या का होना उतना ही जरूरी है, जितना कि प्रकृति में फूलों का होना। इस दिन पीले रंग का विशेष महत्व है जिसे बसन्ती रंग कहते हैं। यह रंग सूर्य के प्रकाश, परिपक्वता और सौभाग्य का प्रतीक है। यह मन को प्रसन्नता और शांति प्रदान करने वाला रंग माना जाता है। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बसंत पंचमी केवल ऋतु परिवर्तन का पर्व नहीं है, बल्कि ज्ञान, नवचेतना व सृजनशीलता का प्रतीक है, जो हर अंत के बाद एक नई शुरूआत का संदेश देता है। यह पर्व जीवन में आने वाले परिवर्तन से भी हमें अवगत करवाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ संस्कार व रचनात्मकता सोच विकसित लिए प्रेरित किया।


नारनौल। कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। बसंत पंचमी पर्व में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### एमआर स्कूल में बसंत पंचमी त्योहार मनाया

**नारनौल।** एमआर पब्लिक स्कूल मित्रपुरा में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया। इस अवसर पर बच्चों ने ज्ञान, संगीत और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए ज्ञान और शिक्षा का वर भी मांगा। बच्चों ने बड़ी श्रद्धा के साथ गाए गए मां सरस्वती के भजनों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने पीले रंग की पोशाकें पहनी हुई थी। इस दौरान बच्चों ने पीले रंग के पकवानों का खूब आनंद उठाया। इसके बाद बच्चों ने रेत के ऊपर अक्षर लिखने की परंपरा भी निभाई। बच्चों द्वारा कलात्मक गतिविधियों में सूरजमुखी के सुंदर फूल बनाए गए, जो कि बहुत मनमोहक लग रहे थे। स्कूल प्राचार्या, स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अनिता यादव ने सभी को बसंत पंचमी की बधाई दी।



नारनौल। बसंत पंचमी पर्व में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### विद्या भारती स्कूल में बसंत पंचमी पर्व मनाया

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर में बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा अर्चना की और लड्डू का भोग अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के बच्चों ने कविता, भाषण आदि के माध्यम से बसंत ऋतु व मां सरस्वती के बारे में बताया। विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बताया कि बसंत ऋतु सभी ऋतुओं की राजा है व बसंत पंचमी के दिन से ही होली के त्योहार की शुरूआत मानी जाती है। इस दिन लोग पीले रंग के वस्त्र पहनते हैं। पीले रंग का इस दिन विशेष महत्व है। इस दिन साहित्य, कला, शिक्षा से जुड़े लोग विशेष रूप से मां सरस्वती की पूजा अर्चना करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी ने बच्चों को लड्डू का प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डॉ. रविन्द्रा कुमारी, प्राचार्य विनोद कुमार आदि मौजूद थे।

# अंतराज्जीय चोर गिरोह का पर्दाफाश महिला सरगना सहित चार गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में गुलेल गैंग के सदस्य, निमोठ में हुई चोरी का फैला सामान। फोटो : हरिभूमि

- गुलेल गैंग के नाम से राजस्थान में पहचान, मां-बेटे पर 10-10 हजार रुपये का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीआईए कोसली ने अंतरराज्जीय चोर गिरोह की महिला सरगना सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ 45 से अधिक मामले दर्ज हैं। राजस्थान पुलिस ने मां-बेटे पर 10-10 हजार व बेटी पर 5 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। राजस्थान में आरोपियों की पहचान गुलेल गैंग के नाम से होती है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद पांच दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान जिले में हुई चोरी की वारदातों के बारे में आरोपियों से पूछताछ की जाएगी। निमोठ निवासी ललित कुमार ने डहीना पुलिस चौकी को दर्ज शिकायत में बताया था कि 15 जुलाई 2025 की रात वह अपने मकान को ताला लगाने के बाद सोने के लिए प्लॉट में चला गया था। अगले दिन सुबह जब वह मकान पर आया तो मेन दरवाजे का ताला व कुडी टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। कमरों में रखे अलमारी व संदूकों के ताले टूटे हुए थे। चोर कमरे में रखी संदूक से 2.5 लाख रुपये व लाखों रुपये के जेवरात चोरी कर ले गए। डहीना पुलिस चौकी ने मौका मुआयना करने के बाद गत वर्ष 17 जुलाई को चोरी का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। सीआईए कोसली ने इस मामले में महेंद्रगढ़ के पड़तल निवासी काली उर्फ संतरा, उसके लड़के विजय, लड़की पिंकी व पड़ोसी अरुण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से चोरी किए गए सामान की बरामदगी व अन्य वारदातों का पता लगाया जाएगा।

### गुलेल गैंग के नाम से राजस्थान में मशहूर

डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आरोपियों ने हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में चोरी की 45 से अधिक वारदातों को अंजाम दिया था। 24 मामलों में आरोपियों की पहले भी गिरफ्तारी हुई थी। राजस्थान में इन्हें गुलेल गैंग के नाम से जाना जाता है। राजस्थान पुलिस ने काली व उसके बेटे विजय पर 10-10 हजार रुपये व काली की बेटी पिंकी पर 5 हजार रुपये का इनाम रखा हुआ था। जिले के थाना खोल में इस गैंग ने चोरी की पांच वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

### निमोठ में सबसे बड़ी चोरी को अंजाम

निमोठ निवासी ललित के घर सबसे बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। लगभग 25 लाख रुपये के जेवरात चोरी हुए थे। पुलिस ने कई दिनों तक सीसीटीवी फुटेज खंगाली थी, लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका था। अब सीआईए के हत्थे चढ़ने के बाद काली ने निमोठ में हुई चोरी की वारदात को भी अंजाम देने की बात स्वीकार की है। इसके लिए गिरोह ने खोल पुलिस थाने में चार अन्य वारदातों को अंजाम देने की बात भी स्वीकार की है।

# पैदल यात्रियों के लिए शिविर लगाने के बारे में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री श्याम सावरियां मंडल चौकी नंबर 47 पर लगने वाले 17वें श्याम भक्तों के लिए पैदल पथ यात्रियों के लिए शिविर लगाने के बारे में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों के विश्राम, दवाई, ठहरने और भोजन की व्यवस्था के बारे में विचार–विमर्श किया गया। इस बार यह शिविर 20 फरवरी से 25 फरवरी दोपहर तक आयोजित किया जाएगा और 24 तारीख को बाबा श्याम जी का भव्य दरबार और बाबा के भजनों का गुणगान किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से आशु सैन, बबल यादव, विजय सैनी, कालू सैन, सुमित अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, शिवा सैनी, ललित यादव, नरेश सैन, हरकेश वर्मा, मोहन शर्मा, बलवंत सैनी, सिकंदर यादव, श्रीकांत सैनी, मोनू सैनी व संजय यादव आदि मौजूद थे।


नारनौल। बैठक में भाग लेते श्याम प्रेमी। फोटो : हरिभूमि


नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

### धौलेड़ा स्कूल के 6 विद्यार्थियों का बुनियाद में चयन

**नारनौल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलेड़ा के छह विद्यार्थियों यशराज, लक्ष्मी, तनीषा, गुंजन, खुशी व शिवानी का बुनियाद लेवल–1 में चयन हुआ है। चयनित विद्यार्थियों का सम्मान प्रातःकालीन सभा में किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पंकज गौड़ ने अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता व उत्कृष्टता को प्रतिबिंबित करता है। यह सफलता विद्यालय के सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण तथा शिक्षकों के निरंतर समर्पण का परिणाम है। उन्होंने मौलिक मुख्याध्यापक महेश शर्मा, प्रवक्ता संदीप कुमार व प्रवक्ता विक्रम सिंह की प्रशंसा की। मंच संचालन संस्कृत प्रवक्ता रविकुमार ने किया। इस मौके पर राकेश कुमार प्रवक्ता, राजपाल सिंह यादव, समय सिंह, दीपक शर्मा, मनोज कुमार, उम्मेद सिंह, पवन कुमार, भूपसिंह, नरेंद्र कुमार, सन्नी पाल, मुनेशा चाहर, सुमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नपा के पूर्व प्रधान जांगड़ा को मातृशोक



*महेंद्रगढ़। नगर पालिका के पूर्व प्रधान रामचंद्र जांगड़ा की माता फूलवती देवी 85 वर्षीय का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुचोली रोड स्थित स्वर्ग आश्रम में किया गया, जहां बड़े पुत्र रामचंद्र जांगड़ा ने मुखाग्नि देकर माता को अंतिम विदाई दी। इस दौरान पुत्र पुरुषोत्तम जांगड़ा व अशोक जांगड़ा भी मौजूद रहे। फूलवती देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके अंतिम संस्कार में सैकड़ों लोग, परिजन व समाजसेवी उपस्थित रहे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। रामलीला परिषद के पूर्व तकनीकी निदेशक अशोक जांगड़ा ने बताया कि उनकी माता अत्यंत मिलनसार, धार्मिक एवं सरल स्वभाव की महिला थी। वे सदैव दूसरों के सुख-दुःख में भाग लेती थी और जीवन में सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती थीं। उनके अंतिम संस्कार में पूर्व सरपंच नरेंद्र खुडानिया, मुकेश जांगड़ा, अशोक प्रधान, मोतीलाल थानेदार, ब्लॉक प्रधान सांवलराम, संजय नंबरदार, रोहताश भगडाना, रिटायर्ड पोस्ट मास्टर किशन लाल, राजपाल गिरदावर, वेदप्रकाश ठेकेदार, सुभाष गर्ग, शिव शंकर अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, सतीश पाटोदिया, प्रमोद तिवाड़ी, सोहन टैनी, विकास तिवाड़ी, चन्दगी, राजेंद्र पोपली, अनिल सेठ, सुशील बीढाट, आनंद शर्मा, राजेश लावनिया, अशोक दुलोठ, मनीष छाबड़ा आदि लोग उपस्थित रहे।*

# रोटरी क्लब रॉयल्स ने किए हेलमेट वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला प्रशासन की ओर से संचालित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रोटरी क्लब रॉयल्स ने प्रशासन का सहयोग करते हुए महावीर चौक पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम में ट्रैफिक इंचार्ज नरेश कुमार मुख्य अतिथि थे।

उन्होंने स्वयं दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट प्रदान किए तथा सभी नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान किया। रोटरी क्लब रॉयल्स के प्रधान दिनेश भार्गव ने बताया कि क्लब सदैव समाज हित में कार्य करता रहा है और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर जन जागरूकता फैलाना क्लब की प्राथमिकता में शामिल है। क्लब के सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया कि स्वच्छ नारनौल स्वस्थ नारनौल अभियान के अंतर्गत 25 जनवरी को छोटा बड़ा तालाब पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। क्लब के उप प्रधान अनिल यादव ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में क्लब के कोषाध्यक्ष मोहन सैनी, पवन कटारिया, अमित सैनी, महेश कुमार आदि रोटरी सदस्य उपस्थित रहे।


नारनौल। महावीर चौक पर हेलमेट वितरित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## एडीसी राहुल मोदी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों व मार्च पास्ट की तैयारियों का लिया जायजा

गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे

# जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल कल, खेल मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

जिला मुख्यालय सहित उपमंडल कोसली व बावल में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामयी व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पुलिस लाइन में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने वीरवार को एडीसी राहुल मोदी की उपस्थिति में परेड, मार्च पास्ट, पीटी व डंबल शो सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूर्वाभ्यास किया। इस मौके पर एडीसी मोदी ने कार्यक्रमों की रिहर्सल का निरीक्षण करते हुए टीम इंचार्जो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागी 26 जनवरी को बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन गरिमामयी ढंग से होगा। गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रम देशभक्ति से ओतप्रोत सहित प्रेरणादायक एवं शिक्षाप्रद होंगे। एडीसी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता मंत्री गौरव गौतम मुख्य अतिथि होंगे। वहीं उपमंडल बावल में आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय समारोह में विधायक बावल डा. कृष्ण कुमार तथा उपमंडल कोसली में विधायक कोसली अनिल यादव बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने उपरांत परेड का निरीक्षण करेंगे और मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नोडल अधिकारी डॉ. ज्योत्सना यादव व प्रवक्ता पूनम यादव की देखरेख में पुलिस लाइन में विद्यार्थियों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों की रिहर्सल की जा रही है। समारोह में मंच संचालन का दायित्व प्राचार्य एवं साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया निभाएंगे।



रेवाड़ी। गणतंत्र दिवस को लेकर कार्यक्रम की रिहर्सल करते विद्यार्थी, समारोह की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते एडीसी राहुल मोदी।




महेंद्रगढ़। उदय कॉलेज का भवन। फोटो : हरिभूमि

### उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**महेंद्रगढ़।** नारनौल–दादरी रोड स्टेट हाईवे स्थित पाली में उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। उदय कॉलेज ऑफ नर्सिंग में प्रवेश सूचना 2025–26 ने सत्र के लिए बीएससी नर्सिंग और जीएनएम कोर्सेज में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नर्सिंग शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए पहचाना जाने वाला यह संस्थान छात्रों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और आधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। इच्छुक छात्र कॉलेज की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं या सीधे कॉलेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सीटें सीमित हैं, इसलिए जल्द आवेदन करें। संस्था की चेयरपर्सन डॉ. अर्चना ठाकुर ने बताया कि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग के छात्र की आयु 17 से 35 ग्र्स चार साल वर्षीय योग्यता 12वीं कथा सांइस से 50 प्रतिशत पास अनिवार्य है, जीएनएम में का कोर्स तीन वर्षीय आयु 17 से 35, योग्यता 12वीं पास व अंकतालिका 40 प्रतिशत हो अनिवार्य हैं। प्रवेश की लेने की अंतिम तिथि 23 जनवरी की हैं।

## खबर संक्षेप



### डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन 27 को

**धारूहेड़ा।** बच्चों को आधुनिक शिक्षा एवं डिजिटल तकनीक से जोड़ने की दिशा में जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से धारूहेड़ा के डा. भीमराव अंबेडकर पार्क सेक्टर-4ए में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई है। जिला बाल कल्याण अधिकारी विरेन्द्र यादव ने बताया कि 27 जनवरी को डीसी व प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद अभिषेक मीणा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से बच्चों को ई-बुक्स, शैक्षणिक वीडियो, सामान्य ज्ञान, अखबार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। डिजिटल लाइब्रेरी में कम्प्यूटर, किंडल के साथ हाई स्पीड इंटरनेट, पूर्ण वातानुकूलित, पीने के पानी व बैठने की उचित व्यवस्था के साथ पढ़ने के लिए उचित माहौल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 जनवरी को डीसी मीणा नशा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उदश्य से जागरूकता रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

### शांति भंग करने के आरोप में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शांति भंग करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी के गेट नं 2 के सामने शराब ठेके पास दो व्यक्ति आपस में गाली-गलौज करके सरेआम आम जनता की शांति को भंग कर रहे हैं। पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को काबू कर लिया। आरोपी हंस नगर में रह रहे सोनू महतो निवासी गांव चिनदानपुर जिला पूर्वी चम्पारण बिहार व लखीन्द्र बैठा निवासी गांव समचैक जिला पूर्वी चम्पारण बिहार हैं।




### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**कोसली।** डीएवी महाविद्यालय कोसली में वीरवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डा. जयसिंह ने शिविर का शुभारंभ किया। कैंप के प्रथम दिन छात्राओं ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की। प्राचार्य डा. जय सिंह ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वच्छता एवं सामाजिक कार्यों के महत्व के बारे में जानकारी दी। एनएसएस अधिकारी विधाता ने छात्राओं को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने, कुशल नागरिक व आत्मनिर्भर बनने तथा स्वैच्छिक कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया।

### बावल तक इस योजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी थी

# आरआरटीएस पर राव को 'मनोहर' झटका शाहजहांपुर तक रेपिड मेट्रो का विस्तार नहीं

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने राव को भेजा पत्र रेवाड़ी से आरआरटीएस की कनेक्टिविटी का भी पत्र में जिक्र नहीं**



मनोहर लाल
MANOHAR LAL

आवासन और शहरी कार्य मंत्री; एवं विद्युत मंत्री भारत सरकार
Minister of Housing & Urban Affairs; and Minister of Power Government of India

अ. शा. सं. K-14011/17/2019-एमआरटीएस। (ई-9061778)

16 जनवरी, 2026

प्रिय श्री राव इन्द्रजीत सिंह जी,

कृपया दिनांक 11 अगस्त, 2025 एवं 20 सितंबर, 2025 को आपके द्वारा भेजे गए पत्रों क्रमश: (एमओएस (आई/सी) पी/12/2025 एवं एमओएस (आई/सी) पी/12/2025) का संदर्भ लें, जो कि दिल्ली के सराय कालेखां से शाहजहांपुर नीमराना तक बनने वाले आर.आर.टी.एस. प्रोजेक्ट के संबंध में है।

इस संदर्भ में, मैं यह बताना चाहूँगा कि सेमी हाई स्पीड ट्रांजिट सिस्टम विकसित करने हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एन.सी.आर.पी.बी.) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर)-2032 के लिए परिवहन पर एक कार्यात्मक योजना तैयार की थी, जिसमें एनसीआर के विभिन्न महत्वपूर्ण शहरों को हाई स्पीड रेल आधारित कम्यूटर ट्रांजिट से जोड़ने के लिए आठ रिजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आर.आर.टी.एस.) कॉरिडोर, जिसमें दिल्ली-अलवर आर.आर.टी.एस. कॉरिडोर भी शामिल है, की पहचान की थी।


दिल्ली-अलवर नमो भारत (आर.आर.टी.एस.) कॉरिडोर के संदर्भ में, मैं यह सूचित करना चाहूँगा कि प्रथम चरण में इस कॉरिडोर को दिल्ली में सराय कालेखां से हरियाणा में बावल तक निर्माण करने का निर्णय लिया है। बावल से आगे का विस्तार अगले चरण में किया जाएगा।

आशा है कि आप स्थिति से संतुष्ट होंगे।

सादर,

आपका
(मनोहर लाल)

रेवाड़ी। मनोहर लाल की ओर से राव इन्द्रजीत सिंह को लिखा गया पत्र। *फोटो : हरिभूमि*



राव इंद्रजीत सिंह
RAO INDERJIT SINGH

20 सितंबर, 2025

प्रिय मनोहर लाल जी,

आपका
(इन्द्रजीत सिंह)

रेवाड़ी। राव इन्द्रजीत सिंह की ओर से मनोहर लाल को लिखा गया पत्र। *फोटो : हरिभूमि*

- **आरआरटीएस योजना को पहले दिल्ली के सराय कालेखां से लेकर धारूहेड़ा तक की मंजूरी मिली थी**

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

दिल्ली से राजस्थान के नीमराना तक रीजनल रेपिड ट्रांजिट सिस्टम योजना को मंजूरी दिलाने के लिए आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहरलाल को बार-बार पत्र लिखे केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को 'मनोहर' झटका लगा है। पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने राव को पत्र लिखकर जो जवाब दिया है, उसमें पहले चरण में आरआरटीएस योजना को बावल तक की सीमित रखने का जिक्र किया गया है, जबकि पत्र में योजना की रेवाड़ी से कनेक्टिविटी का कोई जिक्र नहीं किया गया है। बावल तक इस योजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी थी। आरआरटीएस योजना को पहले दिल्ली के सराय कालेखां से लेकर धारूहेड़ा तक की मंजूरी मिली थी। चूंकि राजस्थान के नीमराना से लेकर शाहजहांपुर, बावल, धारूहेड़ा व मानेसर आदि एरिया से बड़ी संख्या में यात्रियों का दिल्ली व गुरूग्राम तक आवागमन होता है, इसलिए राव इंद्रजीत सिंह ने इलाके के लोगों की मांग पर केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल को गत वर्ष 11 अगस्त को पत्र लिखा था। पत्र में राव इंद्रजीत सिंह ने बताया था कि केंद्र सरकार ने सराय कालेखां से गुरूग्राम, धारूहेड़ा व बावल होते हुए अलवर तक आरआरटीएस योजना को मंजूरी दी गई थी। दिल्ली से पानीपत व मेरठ की परियोजनाओं पर कार्य शुरू हो गया, लेकिन इस परियोजना पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। दिल्ली-जयपुर के बीच बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है, जिससे नेशनल हाइवे पर ट्रैफिक का अधिक दबाव रहता है। एक और पत्र मनोहरलाल को बताया था कि अधिकारियों से उन्हें इस बात का पता चला है कि आरआरटीएस को धारूहेड़ा तक सीमित किया गया है, इसलिए इसे राजस्थान के शाहजहांपुर व नीमराणा तक विस्तार दिया जाए।

### एनसीआर बोर्ड ने 8 प्रोजेक्ट शामिल किए थे



केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल ने गत 18 जनवरी को राव इंद्रजीत सिंह को लिखे पत्र में बताया है कि उनकी ओर से गत वर्ष 11 अगस्त व 20 सितंबर को भेजे गए पत्रों पर वह बताना चाहेंगे कि सेमी हाई स्पीड ट्रांजिट सिस्टम विकसित करने के लिए एनसीआर बोर्ड ने 8 प्रोजेक्ट शामिल किए थे। दिल्ली-अलवर नमो भारत कॉरिडोर को बावल तक विकसति किया जाएगा। बावल से आगे का कार्य दूसरे चरण में शुरू होगा। यहां विशेष बात यह है कि बावल तक आरआरटीएस की घोषणा पूर्व में ही जा चुकी थी।

### प्रोजेक्ट को धारूहेड़ा से सीधे बावल तक सीमित रखा



राव इंद्रजीत सिंह ने गत दिनों आरआरटीएस पर एक सवाल के जवाब में कहा था कि उनका प्रयास आरआरटीएस की रेवाड़ी से कनेक्टिविटी कराना है, ताकि शहर के लोगों को भी इसका फायदा मिल सके। इस बात का जिक्र राव न तो राव के पत्र में है और न ही मनोहरलाल के पत्र में। इससे यह भी साफ हो गया है कि केंद्र सरकार के इस प्रोजेक्ट को धारूहेड़ा से सीधे बावल तक सीमित रखा गया है। शहर के लोगों को इसका सीधे तौर पर खास फायदा नहीं होने वाला।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए पुलिस टीम।

### ग्रामीणों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

**रेवाड़ी।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने वीरवार को गांव पदियावास, भवाडी व ड्योढई में ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव बताकर जागरूक किया। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। नशा शरीर ही नहीं, बल्कि जीवन और समाज के लिए भी जहर है। पुलिस टीम ने ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया तथा ट्रैफिक नियमों की पालना करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि आजकल अपराधी फोन कॉल, सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से व्यक्तिगत जानकारी लेने की कोशिश करते हैं। ऐसे में सभी को सतर्क रहकर किसी भी अनजान व्यक्ति से अपनी निजी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए। साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। पुलिस ने कहा कि यदि कोई भी असामाजिक तत्व, संदिग्ध व्यक्ति या वाहन दिखाई दे या आपातकालीन स्थिति हो तो तुरंत डायल 112 पर सूचना दें। इसके अलावा नशा गतिविधियों की सूचना मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर करें।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर में राम दरबार के स्थापना दिवस पर हवन व भंडारा लगाया





रेवाड़ी। पंचमुखी मंदिर में स्थापित राम दरबार तथा भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*

- **श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेक्टर-1 सोलहराही स्थित श्री पंचमुखी-दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में राम दरबार, अंजनि माता व राधा-कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे स्थापना दिवस पर दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वीरवार को अखंड रामायण पाठ के पूर्ण होने पर हवन किया गया। मंदिर के वैदिक पंडित मोनू शास्त्री ने विधि-विधान से हवन सम्पन्न कराया। दोपहर बाद श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में शाम के समय भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद विशेष आरती करके श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

## जी-राम-जी एक्ट गरीब कल्याण को नई दिशा देने वाला कानून: एडवोकेट नितेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

वीरवार को बावल स्थित रेस्ट हाउस में बावल मंडल अध्यक्ष रमेश झाबुआ की अध्यक्षता में पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिला प्रवक्ता एवं बावल मंडल प्रभारी एडवोकेट नितेश अग्रवाल ने शिरकत की। उन्होंने आगामी कार्यक्रम मन की बात की तैयारियों पर चर्चा की और पार्टी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी। इस मौके पर एडवोकेट अग्रवाल ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में केंद्र सरकार की ओर से लाया गया वीबी जी-राम-जी एक्ट यानि ग्रामीण भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम है। यह कानून न केवल ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार की गारंटी देता है, बल्कि व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

## राज्य-स्तरीय पशु प्रदर्शनी छह से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग हरियाणा की ओर से तीन दिवसीय 41वीं राज्य-स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन डेवेलपमेंट बोर्ड मेला ग्राउंड कुरूक्षेत्र में 6 से 8 फरवरी को किया जा रहा है। विभाग के उपनिदेशक नसीब सिंह ने बताया कि वर्ष में एक बार आयोजित की जाने वाली इस प्रदर्शनी में अबकी बार पशुओं के 12 वर्गों की 53 श्रेणियों में उत्कृष्ट नस्ल के पशुओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

प्रदर्शनी में मुर्राह, हरियाणा नस्ल, साहीवाल तथा अन्य देशी गाय में गिर, थारपारकर, राठी और बलाही, संकर गाय, गोशाला पशु, अश्व प्रजाति, ऊंट, नाली प्रजाति भेड, हिसार डेल भेड़, बकरी तथा सूकर की उत्कृष्ट नस्लों की श्रेणियों प्रदर्शन होगा।



रेवाड़ी। कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन करते कमेटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक विजेताओं ने की एसपी से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल के राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के पदक विजेता प्रतिभागियों ने वीरवार को एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मुलाकात की। एसपी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी इसी तरह का प्रदर्शन करने के लिए कठिन परिश्रम करने की सलाह दी। स्कूल के प्राचार्य जॉय बनर्जी के साथ विजेता प्रतिभागियों ने एसपी से मिलकर प्रतियोगिता के संस्मरण साझा किए। इन प्रतिभागियों ने रांची और दिल्ली में आयोजित नेटबाल और ताइक्वांडों में 16 मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है।

### किसानों को अनुदान पर मिलने वाले कृषि यंत्रों का हुआ द्वितीय भौतिक सत्यापन

**रेवाड़ी।** वीरवार को नई अनाजमंडी में आरकेवीवाई स्कीम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के तहत किसानों के कृषि यंत्रों का जिला स्तरीय कमेटी की ओर से द्वितीय भौतिक सत्यापन किया गया। सहायक कृषि अभियंता इंजी. दिनेश शर्मा ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से स्कीम के तहत किसानों को कृषि यंत्रो पर 50 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराने के लिए 20 अगस्त 2025 तक विभाग के पोर्टल एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए थे। निर्धारित तिथि तक कृषि यंत्र खरीदकर पोर्टल पर बिल अपलोड करने वाले चयनित किसानों के कृषि यंत्र सुपर सीडर का 20 जनवरी व रीपर बाईन्डर मशीन का वीरवार को अनाज मंडी में द्वितीय भौतिक सत्यापन किया गया। इस मौके पर जिला स्तरीय कमेटी से सहायक कृषि अभियंता दिनेश शर्मा, उत्पाद एंव कराधान अधिकारी नरेश चौधरी, वरिष्ठ संयोजक कृषि विज्ञान केंद्र रामपुरा डा. कपूर सिंह, तकनीकी सहायक प्रतिनिधि उप कृषि निदेशक डा. मनोज कुमार, कृषि विकास अधिकारी कृषि यंत्र इंजी. सुनील कुमार व कनिष्ठ अभियंता जोगेन्द्र पाल मौजूद थे। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि सुपर सीडर पर कीमत का 50 प्रतिशत या अधिकतम 105000 रुपये तक व स्वचालित रीपर बाईन्डर पर 250000 रुपये तक अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा।

**मौसम** कोहरे से निजात मिलते ही दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज

# रात के तापमान में गिरावट से बढ़ी ठंड, मौसम में बदलाव की संभावना

- **आसमान में बादलों के बीच हल्की बारिश की संभावना, कड़ाके की ठंड एक बार फिर कर सकती है परेशान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कोहरे से निजात मिलते ही दिन के तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई, परंतु रात का पारा खिसकने से ठंड का असर एक बार फिर से बढ़ना शुरू हो गया। 23 जनवरी को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादलों के साथ हल्की बारिश की संभावना है। इसके बाद दिन-रात के तापमान में तेजी से गिरावट आ सकती है, जो कड़ाके की ठंड की वापसी करने का काम करेगी। सूर्योदय के साथ ही मौसम साफ हो गया। इसके बाद दिन भर तेज धूप का असर बना रहा। अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 24.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.2 डिग्री की कमी के साथ 5.0 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लगभग 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्ताएं से चलने वाली हवाओं ने ठंड का असर फिर से बढ़ाना शुरू कर दिया।



रेवाड़ी। एक खेत में फव्वारों से फसल की होती सिंचाई। फोटो : हरिभूमि

### 25 जनवरी से तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को मिल सकती है

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते शुक्रवार को मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। आसमान में बादल छाने के साथ ही कहीं हल्की बारिश, तो कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। बारिश के साथ ओलावृष्टि से भी इनकार नहीं किया जा रहा है। बारिश के बाद कड़ाके की ठंड वापसी कर सकती है। 25 जनवरी से तापमान में ज्यादा गिरावट देखने को मिल सकती है, जिससे लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।

### बारिश का इंतजार कर रहे किसान

रबी की फसलों के सीजन में इस बार दिसंबर और जनवरी माह में अभी तक बारिश नहीं हुई है। जनवरी के शुरू में बूंदाबांदी जरूर हुई थी। मकर संक्रांति से दो दिन पहले शून्य से नीचे तापमान खिसकने के कारण पाला जमा था, जिसने किसानों की चिंता बढ़ा दी थी। इस समय सरसों और गेहूं की फसलों को सिंचाई की ज्यादा जरूरत है। अगर अच्छी बरसात होती है, तो इससे किसानों को काफी राहत मिलेगी। बारिश से दोनों फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा। अगर बारिश के साथ ओलावृष्टि होती है, तो इससे फसलों को नुकसान भी हो सकता है।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने समाज को दिया नशा मुक्ति का संदेश

**कोसली।** यदुवंशी स्कूल कोसली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने वीरवार को कान्हड़वास गांव का भ्रमण किया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर गांव को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने गांव के तालाब का भी भ्रमण किया। कार्यक्रम अधिकारी रमेश ने स्वयंसेवकों को ग्रामीण प्रवेश और तालाबों के महत्व के बारे में बताया।शिविर के मुख्य अतिथि आईटीबीपी जाटूसाना के कमांडेंट की धर्मपत्नी मिनल जैन थी। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य रमेश कुमार यादव ने स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अध्यापक पवन कुमार व प्रियंका देवी उपस्थित थे। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।




### समाधान शिविर में आई सीवर ओवरफ्लो व रास्ते पर अतिक्रमण की शिकायत

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से जनसेवा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निराकरण करने का सशक्त माध्यम बन रहे है। वीरवार को एसडीएम ने समाधान शिविर में मुरलीपुर निवासी विष्णु कुमार मिश्रा की मौके पर ही दिव्यांग पेंशन बनवाकर उन्हें राहत पहुंचाई। एसडीएम ने समाधान शिविर में आए लोगों की शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में रामगढ़ रोड स्थित बुध विहार में सीवर ओवरफ्लो व गांव रामपुरी में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध रूप से अतिक्रमण करने सहित जल आपूर्ति, पहचान पत्र में नाम दर्ज, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, नगर परिषद से संबंधित और राजस्व मामलों से जुड़ी समस्याएं सामने आई। इनमें से कई समस्याओं की मौके पर ही कार्रवाई शुरू करते हुए नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। इस मौके पर डीडीपीओ एचपी बंसल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### सरकारी आईटीआई लाइब्रेरी और वर्कशॉप का उपयोग कर सकेंगे आम नागरिक



**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय हरियाणा के माध्यम से आम नागरिकों के लिए विशेष ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया है, जिससे आमजन सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि प्रदेश सरकार की ओर से यह एक नई पहल की गई है, जिसके माध्यम से आम नागरिक आईटीआई की वर्कशॉप और उसमें जितने भी इक्विपमेंट और टूल है उनका इस्तेमाल कर सकेंगे। इसके साथ-साथ वहां की लाइब्रेरी का भी इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से इस सेवा का लाभ उठा सकता है। डीसी ने बताया कि इस सुविधा का लाभ लेने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण एडवांस बुकिंग के तहत किया गया है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण के बाद ही इसका लाभ उठाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार की स्किल डेवलपमेंट को एक नई दिशा प्रदान करने के लिए यह पोर्टल एक ऐतिहासिक पहल का काम करेगा। उन्होंने बताया कि नागरिकों को सरकारी आईटीआई की लाइब्रेरी और वर्कशॉप की सुविधा का लाभ लेने के लिए आईटीआईहरियाणा.जीओवी.इन पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

### जिले में उत्साह और संकल्प के साथ मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**रेवाड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस पूरे देश में उत्साह और संकल्प के साथ मनाया जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर खंड, उपमंडल और जिला स्तर पर भी जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिला स्तरीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन रविवार को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय सभागार में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता दिवस का उद्देश्य आमजन को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा मतदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह दिन लोकतंत्र की मजबूती, मतदाता जागरूकता और हर नागरिक की भागीदारी का उत्सव है। उन्होंने बताया कि 25 जनवरी को विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई जाएगी। साथ ही राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

### 31 मार्च तक जमा करा सकते हैं बकाया प्रॉपर्टी टैक्स

**रेवाड़ी।** नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी प्रॉपर्टी धारक अपनी संपत्ति का बकाया प्रॉपर्टी टैक्स 31 मार्च 2026 से पहले नगर परिषद कार्यालय में जमा कराएं या हरियाणा सरकार की ऑनलाइन वेबसाइट प्रापर्टी.यूएलबीहरियाणा.जीओवी.इन के माध्मय से भी जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद की ओर से बकाया धारकों को नोटिस भी जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस प्राप्त होने उपरांत भी बकाया हाउस टैक्स धारकों द्वारा अपने सम्पत्तिकर हाउस टैक्स की अदायगी नहीं की है। उन्होंने बताया कि हाउस टैक्स धारकों द्वारा अदायगी नहीं की गई है, उन हाउस टैक्स धारकों पर जल्द ही नगर परिषद की ओर से नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ईओ सुशील कुमार ने बताया कि प्रॉपर्टी धारक नगर परिषद कार्यालय में प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक कमरा नंबर 101 में हाउस टैक्स जमा करा सकते है।